चमकता आईना 30.04.2023

इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन में सात दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन

सरायकेला कार्यालय 29 अप्रैल : सरायकेला अंचल के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत विजय ग्रामीण स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में सात दिवसीय वार्षिक विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ. शिविर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए ग्राम नारायणपुर में 22 अप्रैल से प्रारंभ किया गया था. मौके पर ग्रामीणों को कई प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई. किस प्रकार पौधरोपण कर पृथ्वी का संरक्षण किया जाए इस संबंध में जागरूक किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती, जुस्को के महा प्रबंधक मनमोहन सिंह, महाविद्यालय के निर्देशक आरएन मोहंती एवं महाविद्यालय की सचिव डॉ स्वीटी सिन्हा ने ग्रामीणों को जागरूक किया. 24 अप्रैल को प्रोफेसर श्रावणी मुखर्जी द्वारा पेपर बैग बनाने, 25 अप्रैल को जूट के धागे से आकर्षित बैग बनाने का प्रशिक्षण प्रोफेसर इंदु कुमारी द्वारा दिया गया. 26 अप्रैल को पुराने कपड़ों से गुड़िया और खिलौने बनाने का प्रशिक्षण प्रोफेसर सुमन कुमारी द्वारा दिया गया. 27 अप्रैल को सिलाई की बेसिक जानकारी प्रोफेसर बंदना शर्मा द्वारा दिया गया. 28 अप्रैल को पौधों को घर में लगाकर कैसे बगीचा तैयार कर उनसे रोजगार प्राप्त करें इस संबंध में जानकारी माधुरी कुमारी द्वारा दी गई. 29 अप्रैल शनिवार को समापन समारोह के मौके पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ओमप्रकाश ने प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया. शिविर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को ग्रामीणों ने काफी सराहा.